भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. +2117

सोमवार, 2 अगस्त, 2021/11 श्रावण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

हरियाणा और असम में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं

+2117. श्री रमेश चन्द्र कौशिक:

श्रीमती क्वीन ओझा:

श्री दिलीप शइकीया:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार हरियाणा और असम में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किसी योजना पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इस प्रयोजनार्थ स्थानों की पहचान की है और यदि हां, तो तत्संबंधी जिला-वार तथा स्थान-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को इस संबंध में हरियाणा सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस दिशा में सरकार द्वारा क्या प्रभावी कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों के संवर्धन के लिए चल रहे अपने संवर्धनात्मक कार्यकलापों के एक भाग के रूप में अंतरराष्ट्रीय तथा घरेलू बाजारों में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, ऑनलाइन तथा आउटडोर मीडिया अभियान जारी करता है। इन अभियानों में हरियाणा और असम को भी पर्यटक गंतव्य के रूप में शामिल किया गया है। राज्यवार विशिष्ट संवर्धन का कार्य संबंधित राज्य सरकारों द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय यह कार्य आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार (डीपीपीएच) और बाजार विकास सहायता सहित विदेशों में संवर्धन एवं प्रचार (ओपीएमडी) नामक अपनी योजनाओं के माध्यम से करता है।

आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत पर्यटन के संवर्धन के लिए पर्यटन मंत्रालय मेलों और महोत्सव तथा पर्यटन संबंधी समारोहों के आयोजन के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनो को केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है। हरियाणा तथा असम के लिए मेलों तथा महोत्सव और शॉपिंग फेस्टिवल हेतु केंद्रीय वित्तीय सहायता के अंतर्गत स्वीकृत निधि का ब्यौरा संलग्न **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

अनुबंध

हरियाणा और असम में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए **योजनाएं** के संबंध में दिनांक 02.08.2021 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. +2117 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

घरेलू संवर्धन प्रचार और आतिथ्य (डीपीपीएच) योजना, मेलों और त्योहारों और खरीदारी उत्सवों के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) के तहत स्वीकृत परियोजना का विवरण

(लाख रु. में)

राज्य का नाम	वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	निर्मुक्त राशि
हरियाणा	2017-18	(1) पिंजोर महोत्सव, 2017 (2) 32वें सूरजकुंड, 2018 के उत्सव के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता	55.00	55.00
	2018-19	सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला का आयोजन	30.00	15.00
	2019-20	**6** से **7** जुलाई**, 2019** तक आम मेला आयोजित करने के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता**,** हरियाणा	25.00	25.00
		विरासत उत्सव	25.00	25.00
असम	2017-18	0	0	0
	2018-19	अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन	25.00	25.00
		रोंगाली उत्सव के आयोजन के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता	25.00	25.00

*****